# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार राजस्थान का कुल निर्यात कितना है**

(A) ₹87171.66 करोड़

(B) ₹77171.66 करोड़

(C) ₹97171.66 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार राजस्थान में ₹97171.66 करोड़ का कुल निर्यात
- वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य से किया गया कुल निर्यात मूल्य ₹97171.66 करोड़
- शीर्ष 5 वस्तुओं का 67% से अधिक योगदान

अभियांत्रिकी वस्तुएँ 20.42%
रत्न एवं आभूषण 18.07%
धातु 10.31%

- इंजीनियरिंग, रत्न, धातु, कपड़ा और हस्तशिल्प निर्यात के मुख्य स्तंभ हैं।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,394 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रहण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

02. राजस्थान में डॉ. सविता बेन अंबेडकर अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का संचालन हो रहा है यदि कोई अनुसूचित जाति का व्यक्ति किसी सवर्ण हिंदू से विवाह करता है, तो उसे 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

03. छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत कुश्ती में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 रजत सहित 4 पदक जीते।

04. 29 से 31 मार्च 2026 तक जयपुर (राजस्थान) में द्वितीय राष्ट्रीय रिबाउंडरबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान ने रजत पदक जीता

05. जोधपुर के प्रो. रमन कुमार दवे को अलवर के राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय का कुलगुरु बनाया गया है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान में जनगणना-2027 की प्रक्रिया का पहला चरण 16 मई से शुरू होकर 14 जून तक चलेगा।

(B) दूसरे चरण में व्यक्तिगत जनगणना फरवरी 2028 में कराई जाएगी।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में जनगणना-2027 की प्रक्रिया का पहला चरण 16 मई से शुरू होकर 14 जून तक चलेगा। पहले चरण में मकानों की हाउस-लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में व्यक्तिगत जनगणना फरवरी 2027 में कराई जाएगी।
- राजस्थान में कुल मिलाकर 2 लाख से अधिक कर्मचारियों-अधिकारियों को इस प्रक्रिया से जोड़ा गया है
- प्रशासन के अनुसार 1 से 15 मई के बीच पहली बार सेल्फ सेंसस की सुविधा दी जाएगी, जिसमें नागरिक निर्धारित पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। इसके बाद जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर इन विवरणों का सत्यापन करेंगे।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान में जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग (NW-48) शुरू किया जाएगा

(2) 27 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) के बीच इस संबंध में एमओयू (MoU)

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री ने जवाई-लूनी-रण ऑफ कच्छ राष्ट्रीय जलमार्ग (NW-48) को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत रिपोर्ट (DPR) तैयार करने के कड़े निर्देश दिए हैं.
- प्रदेश के उद्योगों को माल परिवहन और निर्यात के लिए जलमार्ग उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. इस जलमार्ग के अस्तित्व में आने से राजस्थान, रण ऑफ कच्छ के रास्ते सीधे अरब सागर से जुड़ जाएगा. इससे न केवल परिवहन की लागत कम होगी, बल्कि माल की आवाजाही भी तेज और निर्बाध हो सकेगी.
- मुख्यमंत्री ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) और आईआईटी मद्रास को निर्देश दिए कि वे इस प्रोजेक्ट का तकनीकी आकलन करें.
- 27 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार और IWAI के बीच इस संबंध में एमओयू (MoU) साइन किया गया था

03. राजस्थान से किसे वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'गुड डिजाइन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है?

(A) दिशा शर्मा

(B) रेखा मीणा

(C) आरती बिश्नोई

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान की बेटी रेखा मीणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्वीडन की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी वोल्वो कार से जुड़ी रेखा को वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'गुड डिजाइन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें यह सम्मान 20 मार्च को एथेंस (यूरोप) में आयोजित समारोह में दिया गया। इससे पहले रेखा को 2023 में विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ रंग एवं आंतरिक डिजाइनर का प्रथम पुरस्कार और 2024 में इसी प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भी चयनित किया गया था।
- यह अवार्ड वर्ष 1950 में 'शिकागो एथेनियम संग्रहालय' की ओर से शुरू किया गया था, जो डिजाइन रचनात्मकता, नवाचार और स्थायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) चेन्नई में इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडिशनिंग इंजीनियर्स (इशरे) के साथ MNIT, जयपुर ने एमओयू साइन किया

(B) इसका उद्देश्य कूलिंग सेक्टर में एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाना है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- चेन्नई में इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडिशनिंग इंजीनियर्स (इशरे) के साथ MNIT, जयपुर ने एमओयू साइन किया।
- इसका उद्देश्य कूलिंग सेक्टर में एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाना, इनडोर एयर क्वालिटी में सुधार करना और पर्यावरण संरक्षण पर काम करना है।
- एमएनआईटी जयपुर ने पहली बार इशरे के साथ एमओयू साइन किया है।
- संस्थान की ओर से डीन इंटरनेशनल एंड एलुमिनाई अफेयर्स प्रो. दिलीप शर्मा और इशरे फाउंडेशन के चेयर अमिताभ सुर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- एमएनआईटी के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच के स्टूडेंट्स को इसका लाभ मिलेगा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. राजस्थान में इंडिया बिल्ड एक्सपो-2026 (India Build Expo-2026) का आयोजन कहां किया गया ?

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- इंडिया बिल्ड एक्सपो-2026 (India Build Expo-2026) उदयपुर में 27-29 मार्च 2026 तक फील्ड क्लब में आयोजित किया गया था।
- यह निर्माण, रियल एस्टेट, वास्तुकला और इंटीरियर डिजाइन क्षेत्र की एक प्रमुख प्रदर्शनी थी, जिसमें 125 से अधिक कंपनियों ने आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया। यह आयोजन यति ग्रुप और फोर्टी के सहयोग से संपन्न हुआ।

जयपुर, मंगलवार, 31 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-41

**1** **राजस्थान** सरकार द्वारा गौ-संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से गोशालाओं में 'गाय' और 'बछड़े' के चारे के लिए क्रमशः प्रतिदिन कितने रुपये का अनुदान दिया जा रहा है?
(A) 40 रुपये और 20 रुपये
(B) 75 रुपये और 50 रुपये
(C) 60 रुपये और 30 रुपये
(D) 50 रुपये और 25 रुपये

**2** **राज्य** सरकार किस विशेष पथ को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है?
(A) राम गमन पथ
(B) कृष्ण गमन पथ
(C) भक्ति गमन पथ
(D) शक्ति गमन पथ

**3** **राजस्थान** में टाइप-1 डायबिटीज के प्रभावी उपचार और प्रबंधन के लिए संचालित नवाचार का नाम क्या है?
(A) मिशन निरोगी
(B) मिशन मधुहारी
(C) मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मिशन
(D) मिशन कवच

**4** **प्रदेश** में 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान' का संचालन कब से कब तक किया जा रहा है ?
(A) 1 जनवरी से 31 मार्च तक
(B) 15 फरवरी से 30 अप्रैल तक
(C) 1 अप्रैल से 30 जून तक
(D) 19 मार्च से 15 मई तक

**5** **लखपति** दीदी योजना के तहत हाल ही में राज्य बजट में ऋण राशि की सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर कितने रुपये करने का प्रावधान किया गया है?
(A) 1.25 लाख रुपये
(B) 1.50 लाख रुपये
(C) 2.00 लाख रुपये
(D) 2.50 लाख रुपये

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान में किस जिले के प्रो. रमन कुमार दवे को अलवर के राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय का कुलगुरु बनाया गया है।**

(A) भरतपुर

(B) अलवर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine